
# आईपीएल 2026 : मुकाबले के लिए बन रही रणनीति





**नई दिल्ली 25 मार्च. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के आगाज से पहले क्रिकेट का माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है. पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और युवा खिलाड़ी कूपर कोनोली को टीम में शामिल कर अपनी ताकत को नई धार दी है.**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स की रिकॉर्ड बिक्री ने इस लीग को आर्थिक और वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है. इस बार सभी टीमें संतुलित संयोजन के साथ खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगी.

**पंजाब किंग्स:** पंजाब किंग्स इस बार सबसे संतुलित टीमों में से एक नजर आ रही है. कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है. स्टोइनिस जैसे ऑलराउंडर और अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज टीम को मजबूत बनाते हैं. पिछले सत्र में उपविजेता रहने के बाद टीम इस बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी.

**मुंबई इंडियंस:** मुंबई इंडियंस इस बार भी खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है. जसप्रीत बुमराह की अगुआई में टीम की गेंदबाजी बेहद खतरनाक है. रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज टीम को मजबूती देते हैं. संतुलन और अनुभव के दम पर मुंबई एक बार फिर ट्रॉफी की दौड़ में आगे है.

**चेन्नई सुपर किंग्स:** चेन्नई सुपर किंग्स अनुभव के दम पर मजबूत दिख रही है. अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी दबाव के समय मैच पलटने की ताकत देती है. ऑलराउंडर्स की भरमार टीम को संतुलित बनाती है.

**बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस बार नई रणनीति और नए नेतृत्व के साथ मैदान में उतरेगी.

**राजस्थान:** राजस्थान रॉयल्स अपनी आक्रामक शैली के लिए जानी जाती है. युवा खिलाड़ियों के दम पर टीम हर बार चौंकाती है और इस बार भी वही तेवर देखने को मिल सकते हैं.

**गेंदबाजों के सामने कठिन चुनौती:** तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को इस बार कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा. बुमराह, अर्शदीप और चहल जैसे गेंदबाज अपनी टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे. आईपीएल 2026 में ऑलराउंडर्स की भूमिका निर्णायक रहने वाली है. स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी बल्ले और गेंद दोनों से टीम को जीत दिला सकते हैं. सभी टीमें मजबूत हैं और मुकाबला बेहद कड़ा होने की उम्मीद है. इस बार रणनीति, संतुलन और दबाव में प्रदर्शन ही तय करेगा कि कौन सी टीम ट्रॉफी अपने नाम करेगी.

**अन्य टीमें भी तैयार:** गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी इस बार संतुलित और मजबूत टीम तैयार की है. इन टीमों में युवा जोश और अनुभवी खिलाड़ियों का मेल किसी भी मुकाबले को रोमांचक बना सकता है.

इस सत्र में बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी. विराट कोहली, रोहित शर्मा और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी रन बनाने की दौड़ में आगे रहेंगे. पावरप्ले में तेज शुरुआत और अंतिम ओवरों में बड़े शॉट्स मैच का रुख तय करेंगे.

## रिंकू सिंह बने केकेआर के उपकप्तान



कोलकाता, 25 मार्च कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह को उपकप्तान बनाया है. मंगलवार को प्री सीजन एक इवेंट के दौरान केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की. रिंकू इस भूमिका में वेंकटेश अय्यर की जगह लेंगे जिन्हें नीलामी से पहले केकेआर ने रिलीज़ कर दिया था. रिंकू ने कभी टी20 में कप्तानी नहीं की है लेकिन वह 2018 के डेब्यू सीजन के बाद से ही केकेआर के साथ हैं. वह मध्य क्रम में बल्लेबाज़ी करने के साथ ही फ़िनिशर की भूमिका अदा करते रहे हैं. आंद्रे रसल की अनुपस्थिति में रिंकू के कंधों पर अतिरिक्त ज़िम्मेदारी होगी जो आईपीएल से संन्यास लेने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ बतौर पावर कोच जुड़ चुके हैं. इवेंट के दौरान केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक सही फ़ैसला है क्योंकि केकेआर में आने और सपोर्ट स्टाफ़ का हिस्सा बनने की मेरी पहली याद रिंकू के साथ काम करने की है. इन वर्षों में हमने रिंकू को न सिर्फ़ एक क्रिकेटर बल्कि एक लीडर के रूप में भी उभरते हुए देखा है. पिछले कुछ वर्षों से जहां उनके प्रदर्शन ने ख़ुद कहानी बयां की है, मैदान के बाहर भी बिना कुछ कहे, वह एक ऐसे इंसान हैं जिनकी बातों को सुनने के लिए टीम बेसब्री से इंतज़ार करती है.' चूंकि हमारे बड़े पावर हिटर (रसल) टीम में नहीं हैं इसलिए हम चाहते थे कि रिंकू थोड़ी और ज़िम्मेदारी उठाएं. मुझे लगता है कि विश्व कप विजेता बनने के बाद और टीम संभालने में अजिंक्य रहाणे की मदद करने का यह एकदम सही समय है.' रिंकू ने केकेआर के लिए 59 मुक़ाबले खेले हैं और 145.17 के स्ट्राइक रेट से 1099 रन बनाए हैं, वह हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाले भारतीय दल का हिस्सा थे.

## केकेआर ने रसल के सम्मान में जर्सी नंबर 12 को किया रिटायर

रसल ने 2017 को छोड़कर 2014 से 2025 तक केकेआर का प्रतिनिधित्व किया. कुल मिलाकर रसल ने अपने 140 में 133 आईपीएल मुक़ाबले केकेआर के लिए खेला है. पिछले साल नवंबर में रसल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था और रसल केकेआर के पावर कोच बन गए थे. रसल ने कोचिंग की भूमिका अपनाने पर कहा, 'मुझे नहीं लगता इससे मेरे माइंडसेट में बदलाव आया है. मैंने जिनके साथ या जिनके ख़िलाफ़ खेला है, मुझे सभी खिलाड़ियों को अब वापस देना है. मुझे ऐसा करने में ख़ुशी महसूस हो रही है.' 2014 और 2024 में रसल केकेआर के दोनों ख़िताबी सीजन का हिस्सा रहे थे. हालांकि उन्होंने 2014 में मात्र दो मुक़ाबले खेले थे लेकिन 2024 में 15 मुक़ाबलों के दौरान उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन कर केकेआर की जीत में अहम भूमिका अदा की थी. उस सीजन रसल ने नौ पारियों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे और 15.52 के गेंदबाज़ी औसत से 19 विकेट हासिल किए थे. आईपीएल के इतर रसल ने 2014-15 में केकेआर के लिए चैंपियंस लीग में भी खेला था और उस सीज़न केकेआर फ़ाइनल तक पहुंची थी. रसल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों, आईएल टी20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है. उन्होंने दोनों टीमों के लिए चार-चार सीजन खेले हैं.

## पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए स्टोइनिस-कूपर



चंडीगढ़, 25 मार्च पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई स्टार मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली मोहाली में ऑफिशियली टीम में शामिल हो गए हैं. यह जोड़ी आने वाले टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीज़न की तैयारियों के आखिरी स्टेज में पहुंचने पर टीम के बाकी खिलाड़ियों से जुड़ने के लिए बुधवार को पहले ही पहुंच गई थी. न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, जिसमें वे बहुत जोश में दिखे. उनके आने से पंजाब किंग्स लाइनअप में जबरदस्त जोश आ गया है, जिससे कैंप में इंटरनेशनल अनुभव और रोमांचक युवा एनर्जी का एक मजबूत मिक्स आया है. किंग्स, जो पिछले सीज़न में रनर-अप रहे थे, पिछले कुछ हफ़्तों से कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं. टीम अब गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित सीजन ओपनर के लिए तैयारी कर रही है. यह मैच 31 मार्च को उनके घरेलू दर्शकों के सामने खेला जाएगा. पंजाब किंग्स की पूरी टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर सिंह पन्नू, हरप्रीत बराड़, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, मिच ओवेन, मुशीर खान, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, व्यशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे.

## एक नजर में



### महिला रिकर्व, पुरुष कंपाउंड ने कांस्य पदक जीते

बैंकॉक, (थाईलैंड) 25 मार्च भारत की रिकर्व महिला टीम और कंपाउंड पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज एक टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीते. आज यहां एसएटी फुटबॉल स्टेडियम में खेलते हुए, भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम (रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि) ने कांस्य पदक के मैच में मलेशिया को 5-1 से हराया. इस तिकड़ी ने इससे पहले क्वालिफाइंग राउंड में कुल 1915 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था. रूमा बिस्वास ने 650 अंकों के साथ टीम की अगुवाई की, जबकि कीर्ति और रिधि ने क्रमश: 638 और 627 अंकों का योगदान दिया. महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में, भारत ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 6-2 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन से 5-1 से हार गया. वहीं कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में, रजत चौहान, उदय कंबोज और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ऋषभ यादव ने भी कांस्य पदक जीता. उन्होंने एक कड़े मुकाबले में भूटान को 234-232 से हराया.



### लैक्रोस टीमें ओलंपिक के क्वालीफाई करने का लक्ष्य

नयी दिल्ली. केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला लैक्रोस टीमों को सम्मानित किया. उन्होंने टीमों से कड़ी मेहनत जारी रखने और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रचने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया. आज यहां खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए लैक्रोस जैसे उभरते खेलों में दृढ़ संकल्प, अनुभव और लगातार प्रयास के महत्व पर बल देते हुए कहा, 'लैक्रोस भारत के लिए एक बड़ा उभरता हुआ खेल है. यह आपका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय अनुभव था और आप पहले ही देश के लिए मेडल जीत लाए हैं. अब आपका ध्यान और कड़ी मेहनत करने, अधिक अनुभव हासिल करने और लॉस एंजिल्स 2028 के लिए क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखकर देश को गौरवान्वित करने पर होना चाहिए.' उन्होंने कहा कि सरकार 'खेलो इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम खिलाड़ियों को लगातार सहयोग देती रहेगी.

### अमेलिया वाल्वरडे का अनुबंध नहीं बढ़ाया जाएगा

नयी दिल्ली. ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम की हेड कोच के तौर पर अमेलिया वाल्वरडे का कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाया जाएगा. 39 साल की कोस्टा रिका की मैनेजर अमेलिया वाल्वरडे को जनवरी में नेशनल टीम की कमान सौंपी गई थी. उनका पहला बड़ा असाइनमेंट 2026 एएफसी महिला एशियन कप इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था. दो दशकों से अधिक समय बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए, भारत का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक रहा और ग्रुप स्टेज में बिना कोई मैच जीते ही टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई. भारतीय टीम को अपने पहले ग्रुप मैच में वियतनाम के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद उन्हें टूर्नामेंट की चैंपियन बनी जापान के हाथों 11-0 से करारी हार मिली, और फिर चीनी ताइपे के हाथों 3-1 से हार के साथ उनका अभियान खत्म हो गया. लगातार खराब नतीजों के बाद एआईएफएफ ने वाल्वरडे के साथ अपना अनुबंध समाप्त करने का फैसला किया है. भारतीय फुटबॉल के दिग्गज आई.एम. विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ तकनीकी कमेटी ने सीनियर भारतीय महिला नेशनल टीम के हेड कोच का पद संभालने के लिए भारतीय कोचों को भी संभावित विकल्पों के तौर पर विचार करने की सिफारिश की है.

# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 33 रनों से हराया

## पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम की




**क्राइस्टचर्च, 25 मार्च. दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को पांचवें और निर्णायक टी-20 मुकाबले में 33 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली.**

कॉनर एस्टरहाउजन की विस्फोटक बल्लेबाजी और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन ने मेहमान टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने न केवल मैच, बल्कि पूरी सीरीज में अपनी श्रेष्ठता साबित की. मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही. टीम ने चौथे ओवर में ही टोनी डीजॉर्जी का विकेट गंवा दिया, जिससे शुरुआती दबाव बन गया. लेकिन इसके बाद रूबिन हरमन और वियान मुल्डर ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 55 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की.

वियान मुल्डर 31 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद क्रीज पर आए कॉनर एस्टरहाउजन ने मैच का रुख ही बदल दिया. उन्होंने रूबिन हरमन के साथ मिलकर तेज गति से रन बनाए और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया. हरमन ने 39 रनों की उपयोगी पारी खेली, जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल रहा. एस्टरहाउजन ने अपनी 75 रनों की पारी में आक्रामक अंदाज अपनाते हुए 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के जड़े. उनकी पारी की बदौलत द. अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट खोकर 187 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया.


# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप का मोरक्को में होगा आगाज



**नयी दिल्ली 25 मार्च.** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आई एसएसएफ) वर्ल्ड कप सीरीज का आगाज हो चुका है और 12 सदस्यीय भारतीय टीम साल के पहले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में हिस्सा लेने के लिए तैयार है, जो 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक मोरक्को के टैंजियर में आयोजित होगा.

इस प्रतियोगिता में 43 देशों के 270 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जहां पांच ओलंपिक शॉटगन स्पर्धाओं में पांच स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला होगा. इसमें मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं, जो एक लंबे और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीजन से पहले अपनी तैयारियों को परखने के लिए उत्सुक हैं. पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाज सबसे पहले मैदान में उतरेंगे, जहां क्वालिफिकेशन राउंड के पहले 75 शॉट्स शुक्रवार (27 मार्च 2026) को खेले जाएंगे.

# लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे सालाह



**लंदन 25 मार्च. मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को अनाउंस किया कि वह सीजन के आखिर में लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे, जिससे एनफील्ड में उनका शानदार समय खत्म हो जाएगा.**

33 साल के इस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस खबर को कन्फर्म करते हुए कहा: 'बदकिस्मती से वह दिन आ गया है. यह मेरे फेयरवेल का पहला हिस्सा है,' और फिर कहा, 'मैं सीजन के आखिर में लिवरपूल छोड़ दूंगा. सालाह ने 2025 में क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लिवरपूल ने कहा कि दोनों पार्टियों ने उनके भविष्य को लेकर 'एक एग्रीमेंट' कर लिया है.

### सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे?

ऑफ-फील्ड दिक्कतों ने भी इसमें भूमिका निभाई है. दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद, सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें 'बस के नीचे फेंक दिया' था और हेड कोच आर्ने स्लॉट के साथ उनका रिश्ता टूट गया था. जनवरी में उनके बाहर होने की अटकलें थीं, लेकिन अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद वह टीम में वापस आ गए. यह अभी साफ नहीं है कि सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे. लिवरपूल ने कहा कि उन्होंने सपोर्टर्स के लिए 'सम्मान और आभार' दिखाने और अपने भविष्य के बारे में साफ जानकारी देने के लिए यह घोषणा जल्दी करने का फैसला किया.

# ब्लू कोल्ट्स के लिए तैयारी का अच्छा मौका

## गावली ने टीम का रणनीति, निर्णय और तैयारी पर ध्यान केंद्रित कराया



**माले (मालदीव), 25 मार्च मालदीव का शांत और खूबसूरत माहौल भले ही सुकून भरा हो, लेकिन भारतीय शिविर में पूरा ध्यान सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप पर केंद्रित है.**


भारत की अंडर-20 पुरुष टीम के मुख्य कोच महेश गावली, जो सीनियर टीम के सहायक कोच भी हैं, इस टूर्नामेंट को युवा खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर मानते हैं. पूर्व ब्लू टाइगर्स डिफेंडर गावली ने टीम के माले पहुंचते ही खिलाड़ियों को स्पष्ट रणनीति, तेज निर्णय क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी पर ध्यान केंद्रित कराया है. भारत ग्रुप बी में 26 मार्च को पाकिस्तान और 28 मार्च को बांग्लादेश से भिड़ेगा. दोनों मुकाबले माले के नेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 4:15 बजे खेले जाएंगे. ग्रुप ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान शामिल हैं. शीर्ष दो टीमें 1 अप्रैल को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि फाइनल 3 अप्रैल को खेला जाएगा. टूर्नामेंट से पहले बातचीत में गावली ने युवा खिलाड़ियों के विकास, सीनियर टीम तक उनकी प्रगति और एक समान खेल शैली पर जोर दिया.

**बातचीत के प्रमुख अंश:**

प्रश्न: आप अंडर-20 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और सीनियर टीम का भी हिस्सा हैं. यह भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है? महेश गावली: यह बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. हमारा लक्ष्य जूनियर और सीनियर टीम के बीच निरंतरता बनाए रखना है.

**मुकाबला** ▶ 'सनशाइन डबल' की ओर बढ़ते कदम, लगातार 28 सेट जीतकर बनाया रिकॉर्ड

# सिनर की मियामी क्वार्टरफ़ाइनल में दमदार एंट्री



**मियामी, 25 मार्च. दुनिया के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एक बार फिर अपनी क्लास साबित करते हुए मियामी ओपन के क्वार्टरफ़ाइनल में जगह बना ली है. हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सिनर ने घरेलू खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन को सीधे सेटों में 7-5, 7-6(4) से हराया.**

इस जीत के साथ उन्होंने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में लगातार सेट जीतने का रिकॉर्ड 28 तक पहुंचा दिया. इंडियन वेल्स खिताब जीतने के बाद सिनर 'सनशाइन डबल' (इंडियन वेल्स और मियामी दोनों जीतना) पूरा करने के मिशन पर हैं, और फिलहाल उनका यह अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है.

### टियाफो से होगी टक्कर

क्वार्टरफ़ाइनल में सिनर का सामना अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो से होगा. टियाफो ने टेरेंस एटमाने को हराकर 2019 के बाद पहली बार मियामी ओपन के क्वार्टरफ़ाइनल में जगह बनाई.

टियाफो का सफर भी आसान नहीं रहा. उन्होंने इससे पहले डिफेंडिंग चैंपियन को हराने के दौरान दो मैच पॉइंट बचाए थे. एटमाने के खिलाफ भी वह निर्णायक सेट में 0-40 से पिछड़ गए थे, लेकिन मानसिक मजबूती दिखाते हुए वापसी की और मैच जीत लिया.

यह टियाफो का पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टरफ़ाइनल है और 2024 सिनसिनाटी के बाद उनका पहला बड़ा क्वार्टरफ़ाइनल भी.

### लैंडालूस की भावुक जीत

टूर्नामेंट में एक और बड़ी कहानी स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टिन लैंडालूस की रही. उन्होंने सेबेस्टियन कोर्डा को 2-6, 7-6(6), 6-4 से हराकर क्वार्टरफ़ाइनल में जगह बनाई.= लैंडालूस ने मैच के दौरान एक मैच पॉइंट भी बचाया. जीत के बाद उन्होंने कहा कि वह यह मुकाबला अपनी दिवंगत दादी को समर्पित कर रहे हैं, जो हाल ही में 101 वर्ष की उम्र में गुजर गईं.

### सिनर की वापसी और रिकॉर्ड

मैच के दूसरे सेट में 2-5 से पिछड़ने के बावजूद सिनर ने शानदार वापसी की. उन्होंने न सिर्फ मैच को टाई-ब्रेक तक खींचा, बल्कि निर्णायक मौकों पर बेहतरीन सर्विस के दम पर जीत भी हासिल की. सिनर ने मैच के बाद कहा कि उनकी सर्विस ने उन्हें मुश्किल समय में संभाला. खासकर टाई-ब्रेक में उनका आत्मविश्वास साफ दिखा. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अगर उन्हें टूर्नामेंट में आगे बढ़ना है तो बेसलाइन गेम में सुधार करना होगा.